हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 2 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

13 रिहायशी इलाके में अवैध गैस सिलेंडर गोदाम पर सीएम फ्लाइंग का छापा



14 प्रभु तो भाव के भूखे, इसलिए राम-नाम जपने की आदत डालो



## खबर संक्षेप

### नपा के डोर टू डोर सफाई कर्मियों ने की गेट मीटिंग

**नारनौंद।** नगरपालिका प्रांगण में डोर टू डोर कर्मचारियों ने वेतन न मिलने को लेकर गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई और बाद में कर्मचारियों ने नगरपालिका के चेयरमेन शमशेर लोहान को मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। कर्मचारियों ने कहा कि नारनौंद नगर पालिका के अंतर्गत डोर टू डोर कचरा उठाने के लिए 14 सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं लेकिन पिछले तीन महीने से सभी कर्मचारियों को ठेकेदार द्वारा वेतन नहीं दिया जा रहा। एक वर्ष से उनके खातों में ईपीएफ भी नहीं डाला जा रहा हैं।

### बैंक ऑफ इंडिया की ओर से निःशुल्क मेडिकल कैंप कल

**हिसार।** बैंक ऑफ इंडिया की ओर से विश्व विख्यात चिकित्सा संस्थान मेदान्ता दि मेडिसिटी, गुड़गांव के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम द्वारा 3 अगस्त को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पड़ाव चौक स्थित पीजीएसडी स्कूल में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। बैंक के सीनियर मैनेजर कमल गोयल ने बताया कि कैम्प में हृदय सम्बंधी सभी रोग, शारीरिक कम्पन्न, चक्कर आना, आधे सिर में दर्द, कमर दर्द, मिर्गी दर्द, दिमागी नसें बंद होना, अधरंग, लकवा, हाथ-पैर का सुन्न होना, चलने, सीढिया चढने व भारी काम से सांस फूलना, घबराहट, उच्च रक्तचाप, दिल की धडकन बढना आदि सभी रोगों का इलाज किया जाएगा।

### मंत्री रणबीर गंगवा आज करेंगे गांव पंघाल का दौरा

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा 2 अगस्त को बरवाला के गांव पंघाल का दौरा करेंगे। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि कैबिनेट मंत्री गांव पंघाल के खेल स्टेडियम में वन विभाग द्वारा आयोजित 76वें जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### गुजवि ने घोषित किए विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, हिसार द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि मई 2025 में आयोजित ड्यूअल डिग्री बीएससी ऑनर्स-एमएससी फिजिक्स छठा सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2020-2021, ड्यूअल डिग्री बीएससी ऑनर्स-एमएससी फिजिक्स छठा सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी साइकोलॉजी द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021-2022 व 2023, एलएलबी छठा सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2020 व 2021, एलएलबी छठा सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, बीफार्मेसी रेमेडियल बायो द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022-2023 व 2021-2023 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### मेयर ने की अभियान की शुरूआत, अधिकारियों की लगाई ड्यूटी, गोपनीय रहेगा अभियान

# बेसहारा पशु पकड़ो अभियान का विरोध दो पशुपालकों को किया पुलिस के हवाले



**हिसार।** अभियान के दौरान बेसहारा पशुओं को पकड़ते निगम की टीम।

### बाधा डालने वालों को कड़ी कार्रवाई के लिए चेताया निगम अधिकारियों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र को बेसहारा पशु मुक्त करने के अभियान के तहत नगर निगम को अभियान के पहले ही दिन पशुपालकों के विरोध का सामना करना पड़ा।

हालांकि मौके पर ही विरोध करने वालों को पुलिस के हवाले कर दिया गया और उनकी दो बाइक भी जब्त कर ली गई लेकिन पशुपालकों ने अभियान के पहले ही दिन अपने इरादे साफ कर दिए हैं। निगम अधिकारियों ने चेताया है कि अभियान में बाधा डालने वालों पर कानूरी कार्रवाई के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस बार निगम अधिकारियों के बेसहारा पशुओं के लेकर कर रहे सख्त।

#### इन अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

राज्य सरकार के निर्देशानुसार मेयर प्रवीण पोपली की अगुवाई में बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान शुक्रवार को शुरू किया गया। मेयर ने नगर निगम के कार्यालय के मुख्य गेट के सामने से टीम को रवाना किया। इस अभियान में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा को नोडल ऑफिसर तथा सहायक ऑफिस सुरेन्द्र वर्मा को सहायक नोडल ऑफिसर बनाया गया है।

#### पूर्णतः गोपनीय रहेगा अभियान : मेयर

अभियान की शुरूआत करते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि यह अभियान पूर्णत गोपनीय रूप से योजनाबद्ध तरीके से चरणबद्ध किया जाएगा। टीम द्वारा कहां पशु पकड़े जाएंगे, इसका निर्णय नोडल अधिकारी द्वारा लिया जाएगा। इस पूरे अभियान के दौरान मेयर खुद टीम संपर्क में रहेंगे। अभियान के दौरान शहर से बेसहारा गौवंश को पकड़कर गौभ्यारण भेजा जाएगा।

#### गौशालाओं में चारा भिजवाने की अपील

मेयर प्रवीण पोपली ने शहरवासियों से अपील की है कि पशुओं के लिए हरा-चारा चौक चौराहों या गलियों में न डालें। इसके लिए कई गौशालाओं ने अपने वाहन टालों पर लगाए हुए जिनके जरिए आप गौशालाओं में अपना हरा-चारा भिजवा सकते है।

#### पहले दिन यहां पकड़े पशु

अभियान के पहले दिन की शुरूआत नगर निगम की टीम ने नई सब्जी मण्डी से गौवंश पकड़कर की गई। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान अगर कोई क्षेत्रवासी या पशुपालक बाधा उत्पन्न करेगा तो पशु क्रुरता एवंम अन्य धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### दो बाइक सवारों को पकड़ा

अतिरिक्त निगमायुक्त ने बताया कि शुरूआत के समय ही दो बाइक सवार गाय को भगाकर ले जाने लगे। नगर निगम की टीम ने उनको पकड़ लिया गया और उन्हें नई सब्जी मंडी स्थित पुलिस चौकी में पुलिस के हवाले कर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों पर कार्रवाई करने के लिए लिखित में शिकायत भी दे दी गई है।

#### पहले दिन ये पकड़े पशु

अधिकारियों ने पहले दिन कई क्षेत्रों में बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया। नगर निगम की टीम ने पहले दिन 76 पशु पकड़े। इनमें दूधारू गाय, नंदी व छोटे बच्चे शामिल है। सरकार के निर्देशानुसार यह अभियान 31 अगस्त तक निरंतर जारी रहेगा।

#### इनका रहा विशेष सहयोग

पार्षद संजय डालमिया, पूर्व पार्षद अनिल जैन, पार्षद नवीन कुमार, नगर निगम की कैटल कैचर टीम, तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा व उनकी टीम, यूनियन प्रधान सुरेन्द्र, एएसआई संदीप बिश्नोई और पशुपालन विभाग की टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम, पुलिस विभाग की टीम साथ रही। इस अभियान में नगरपालिका कर्मचारी यूनियन की भी पूर्ण भागीदारी रही।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर एक की मौत, दूसरा घायल

- हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से ट्रक सहित फरार हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

नारनौंद के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों युवक अपने पोल्ट्री फार्म से काम खत्म कर घर लौट रहे थे। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से ट्रक सहित फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं हांसी के नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

घायल युवक मामदीन निवासी पटेल नगर जींद ने नारनौंद थाना पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि उसका पोल्ट्री फार्म नारनौंद के बुडाना रोड पर स्थित है। इस फार्म में उसका साझेदार प्रविन्द्र निवासी जुलानी हाल पटेल नगर जींद भी हिस्सेदार है। गुरुवार रात करीब 9:30 बजे दोनों अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर फार्म से जींद लौट रहे थे। बाइक प्रविन्द्र चला रहा था और मामदीन पीछे बैठा था। जैसे ही वे भैणी अमीरपुर बस अड्डे के पास पहुंचे, सामने से तेज रफ्तार से आ रहा एक ट्रक अचानक उनकी बाइक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर जा गिरे। टक्कर लगते ही ट्रक चालक वाहन को तेजी से भगाकर नारनौंद की ओर ले गया। घायल अवस्था में मामदीन ने देखा कि उसके साथी प्रविन्द्र के सिर और नाक से खून बह रहा था। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को नारनौंद के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्रविन्द्र को मृत घोषित कर दिया। मामदीन का उपचार जारी है। डॉक्टरों की प्रारंभिक जांच में मामदीन को दो चोटें लगी हैं, जिनमें एक सामान्य चोट और दूसरी हड्डी से संबंधित है, जिसके लिए ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ की राय मांगी गई है। पुलिस ने मामदीन के बयान के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## दिनदहाड़े खिड़की तोड़ घर में घुसे चोर, नकदी व सोने के टॉप्स ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

शहर के वार्ड नंबर तीन स्थित फूड सप्लाई गली में दिनदहाड़े एक मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। घर की खिड़की तोड़कर घुसे चोरों ने कमरे का सामान बिखेरते हुए नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। नारनौंद निवासी राजकुमार ने बताया कि उनका मकान फूड सप्लाई वाली गली में स्थित है। दिनांक 30 जुलाई को वह किसी काम से बाहर गया हुआ था। घर पर उनका बेटा निशांत रहता है जो कि स्कूल गया हुआ था। दोपहर करीब दो बजे जैसे ही निशांत स्कूल से घर लौटा और दरवाजा खोला, तभी एक अज्ञात युवक घर से बाहर निकलते हुए उसे धक्का देकर मौके से फरार हो गया। निशांत ने जब घर के अंदर का नजारा देखा तो सन्न रह गया। पूरा सामान बिखरा हुआ था और अलमारी खुली हुई थी। तुरंत उसने अपने पिता को फोन पर सारी जानकारी दी। चोर घर की मुख्य खिड़की तोड़कर अंदर घुसे थे। उन्होंने अलमारी से लगभग पांच हजार रुपए की नकदी और सोने के टॉप्स चुरा लिए।

## लाडवा की बेटी का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दमदार प्रदर्शन

- गांव लौटने पर ग्राम पंचायत ने किया भव्य सम्मान
- टीम कोच नवीन पूनिया भी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नजदीकी गांव लाडवा की प्रतिभाशाली हैंडबॉल खिलाड़ी काफी सुंच ने हाल ही में चीन के जिन्गोशान शहर में आयोजित 11वीं एशियन यूथ विमेन हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

बेटी के गांव लौटने पर ग्राम पंचायत लाडवा व समस्त ग्रामवासियों ने पुरानी चौपाल पर सम्मान समारोह आयोजित किया। मंच संचालन शमशेर सिंह नंबरदार ने किया और उन्होंने बेहद सराहनीय ढंग से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया। कार्यक्रम में काफी सुंच को पुष्पगुच्छ, नोट मालाएं फूल मालाएं, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



**हिसार।** लाडवा में बेटी काफी सुंच व कोच अनिल पूनिया को सम्मानित करते ग्रामीण।

टीम कोच नवीन पूनिया, जो भारतीय टीम के साथ चीन गए थे, को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। काफी सुंच ने मंच से बताया कि वह ग्राम पंचायत लाडवा की हैंडबॉल खेल नर्सरी में कोच अशोक पूनिया व कोच महावीर पूनिया के निर्देशन में नियमित अभ्यास करती हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता कविता, पिता अनिल सुंच, दादा रणबीर सिंह फौजी एवं पूरे परिवार व प्रशिक्षकों के सहयोग को दिया।

इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा की खेल नर्सरी के कोच अशोक पूनिया व ग्राम पंचायत लाडवा खेल नर्सरी के कोच महावीर पूनिया की मेहनत की भी सराहना की गई। कार्यक्रम में पूर्व जिला खेल अधिकारी व वरिष्ठ हैंडबॉल कोच सतपाल ढांडा, शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता संजीव आर्य व रमेश सिहाग, डीपीई कुलदीप नैन, सुधीर गंगवा, दीपक पंवार, डिप्टी सुप्रीटेंडेंट कृष्ण कुमार

#### ये रहे मौजूद

मनोज भड़, पूर्व क्रिकेटर कुलदीप पूनिया, रणबीर फौजी, गौशाला प्रधान आनंद राज, एलएचएफ प्रधान प्रदीप लांबा, पिता अनिल सुंच, अजमेर सुंच, सुरेश पंघाल, रामचंद्र जांगड़ा, जिले सिंह, रामकुमार पूनिया, राजेश शर्मा, सोमबीर शर्मा, मनबीर शर्मा, अजय श्योराण समेत अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि काफी की यह उपलब्धि लाडवा क्षेत्र ही नहीं, पूरे हरियाणा के लिए गर्व की बात है और इससे आने वाली पीढ़ियों को खेलों के प्रति प्रेरणा मिलेगी।

## शिविर में 5006 शिकायतों का समाधान, 197 लंबित

- लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए एडीसी ने विभागाध्यक्षों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए आरंभ किए गए समाधान शिविर के दौरान जून 2024 से अब तक जिला हिसार में कुल 7443 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 5006 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 1695 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गई, जबकि 197 शिकायतें वर्तमान में लंबित हैं। 171 शिकायतें नागरिकों के अनुरोध पर पुनः खोली गई हैं जबकि 13 शिकायतें विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन है।

शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने यह जानकारी दी।



**हिसार।** वीसी के दौरान उपस्थित अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा।

इस अवसर पर उन्होंने विभागाध्यक्षों की बैठक लेकर उन्हें समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निपटान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी गंभीरता के साथ लंबित शिकायतों का निपटान करना तथा एक्शन टेकन रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, डीएमसी वीरेंद्र सहारण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### घर-घर जाकर जनजागरूकता अभियान चला रहे युवा

# युवाओं की टीम दे रही नशा मुक्त भारत अभियान को नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत देशभर में चल रहे नशा मुक्त भारत अभियान को जिला हिसार में नई ऊर्जा और दिशा मिल रही है। इस अभियान के अंतर्गत युवाओं की एक समर्पित टीम ने नशे के खिलाफ जंग को और तेज़ करते हुए घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने की मुहिम शुरू की है।

इस जागरूकता अभियान का नेतृत्व रणदीप सिंह, अर्पित शर्मा, अमित शर्मा और जिला नागरिक अस्पताल हिसार में कार्यरत सुकून कॉउंसलर राहुल शर्मा (मास्टर वालंटियर) जो लगातार गांव-गांव, गली-गली, मोहल्लों और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। टीम का उद्देश्य सिर्फ जानकारी देना नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से जोड़कर नशे के खिलाफ एक जन आंदोलन खड़ा करना है।



**हिसार।** ग्रामीणों को जागरूक करते युवाओं की टीम।

#### अभियान की विशेषताएं

युवाओं द्वारा डोर-टू-डोर संपर्क, विशेषकर उन घरों से जिनमें युवा या किशोर वर्ग मौजूद हैं, नशे के दुष्प्रभावों को समझाने के लिए सरल भाषा, प्रेरक कहानियां और जीवन बदलने वाले उदाहरण, नशा करने वाले व्यक्तियों के परिवारजनों से संवाद कर उन्हें सहयोग देने के लिए प्रेरित करना, सरकारी योजनाओं, पुनर्वास केंद्रों और हेल्पलाइन की जानकारी देकर ज़रूरतमंदों को मार्गदर्शन प्रदान करना, स्कूलों, पंचायत घरों व चौपालों में छोटे-छोटे समूहों के साथ जन संवाद व प्रेरणा सत्रों का आयोजन।

**समाज से मिल रहा समर्थन:** अभियान को समाज के हर वर्ग-बुजुर्ग, महिलाएं, युवा व शिक्षकों-से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। कई गांवों के युवाओं ने इस अभियान से जुड़ने की इच्छा जताई है। गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने भी टीम को आशीर्वाद देते हुए इसे एक समाज सुधार की नई क्रांति बताया। टीम का मानना है कि अगर एक घर जागरूक होता है, तो एक पूरा समाज नशे से मुक्त हो सकता है। उनका उद्देश्य केवल प्रचार नहीं, बल्कि परिवर्तन की नींव रखना है।

**भावी योजना:** अगले चरण में टीम द्वारा विभिन्न गांवों में नशा मुक्त शपथ समारोह, युवा संवाद, बाल सभा, और जन चौपाल आयोजित करने की योजना है। इसके साथ ही स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और सामाजिक संस्थाओं से सहयोग लेकर इसे और मजबूत बनाया जाएगा और सोशल मीडिया प्रिंट मीडिया एवं मीडिया के माध्यम से नशा मुक्ति का संकल्प जन जन तक पहुंचाएंगे।

## तृप्ति ने जीता चंडीगढ़ सब जूनियर स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड

**हिसार।** हिसार की बेटी तृप्ति चाहर ने चंडीगढ़ में हुई चंडीगढ़ सब जूनियर स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। तृप्ति चाहर आजाद नगर की गीता कालोनी निवासी विकास चाहर की पुत्री है। तृप्ति के पिता विकास चाहर ने बताया कि तृप्ति चंडीगढ़ के सैक्टर 42 स्थित कोच भगवंत सिंह की अकादमी में प्रशिक्षण ले रही है। विकास ने कहा कि कोच भगवंत सिंह के मार्गदर्शन व तृप्ति की कड़ी मेहनत से उसने ये मुकाम हासिल किया है। बेटी ने स्वर्ण पदक जीतकर माता-पिता के साथ-साथ जिले व प्रदेश का भी नाम रोशन किया है।



**हिसार।** स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करने वाली तृप्ति चाहर।

एक स्वस्थ घोड़ा 44 किमी प्रति घंटे की चाल से दौड़ सकता है।

बिल्लियों के हर कान में 32 मांसपेशियां पाई जाती हैं।

# इवेंट मैनेजमेंट का कोर्स कर बनाएं अच्छा करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

इवेंट मैनेजमेंट कोर्स करना व इवेंट मैनेजमेंट के पोस्ट पर चयनित होना हर विद्यार्थी के लिए खुशी का पल माना जाता है। हर विद्यार्थी का करियर में सफल होने का सपना होता है। हर विद्यार्थी जाता है। कि वह आगे बढ़कर एक सफल करियर में प्रवेश करें। विद्यार्थी अपने करियर को सफल बनाने के लिए कई प्रकार की डिग्री व डिप्लोमा का सहारा लेता है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद अलग-अलग प्रकार के डिग्री व डिप्लोमा विद्यार्थी के सामने उपलब्ध होते हैं। डिग्री और डिप्लोमा बहुत सारे होते हैं। जिसमें इवेंट मैनेजमेंट कोर्स भी शामिल है। आज के आर्टिकल में हम इस कोर्स की जानकारी देंगे।

## इवेंट मैनेजमेंट कोर्स क्या है

किसी भी शादी व पार्टी के लिए इवेंट को मैनेजमेंट करने वाला व्यक्ति इवेंट मैनेजर कहलाता है। इवेंट मैनेजमेंट करने से पहले विद्यार्थी के पास इवेंट मैनेजमेंट कोर्स का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। इवेंट मैनेजमेंट कोर्स एक प्रकार का डिप्लोमा कोर्स है। जिसे विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास करने के पश्चात हासिल कर सकता है। सनातन की डिग्री के साथ साथ भी विद्यार्थी इवेंट मैनेजमेंट कोर्स को कर सकता है और अपने कैरियर को बना सकता है। आज के समय में सबसे लोकप्रिय डिप्लोमा में इवेंट मैनेजमेंट कोर्स भी शामिल है। हर विद्यार्थी इस कोर्स में अधिक रुचि रखता है। इवेंट मैनेजमेंट डिप्लोमा कोर्स 2 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स है। जिसको पूरा करने के पश्चात विद्यार्थी को इवेंट मैनेजमेंट का सर्टिफिकेट मिल जाता है।

## ऐसे बना सकते हैं करियर

इवेंट मैनेजमेंट डिप्लोमा करने के बाद विद्यार्थी अपना करियर आसानी से बना सकता है। अगर विद्यार्थी को समारोह या किसी भी फंक्शन की प्लानिंग करने में बेहतरीन रुचि है। तो विद्यार्थी को यह डिप्लोमा करके अपने करियर को यहीं पर सफल बना देना है। किसी भी कार्यक्रम का आयोजन होने से पहले कार्यक्रम के आयोजन कर्ता इवेंट मैनेजर से मिलते हैं और इवेंट के बारे में पूरी प्लानिंग करते हैं। ऐसे में यदि आप भी इवेंट मैनेजर बन जाते हैं। तो आप भी अपना कैरियर इस क्षेत्र में सफल कर सकता है। यदि आप भी इवेंट मैनेजर बनने का सपना देख रहे हैं तो आप इवेंट मैनेजमेंट की डिग्री व डिप्लोमा को सबसे पहले कंप्लीट करना होगा। और उसके पश्चात ही आपको इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। हालांकि यहां डिग्री व डिप्लोमा के साथ-साथ आपके माइंड की स्किल बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं।

## इन चरणों को फॉलो करना होगा

- सर्वप्रथम विद्यार्थी को 12वीं पास करना होगा।
- 12वीं कक्षा पास करने के पश्चात विद्यार्थी अपने नजदीकी किसी भी इवेंट मैनेजमेंट कोर्स उपलब्ध करवाने वाली कॉलेज में जाकर अपने एडमिशन के लिए एप्लीकेशन जमा कर सकता है।
- जब आप एडमिशन के लिए जाते हैं। तो कई ऐसे कॉलेज मौजूद है, जहां पर आपको एडमिशन से पहले एक एंट्रेंस एग्जाम में शामिल होना होगा।
- एंट्रेंस एग्जाम पास करने के पश्चात ही आप को एडमिशन दिया जाएगा।
- कई ऐसे कॉलेज है, जो आपको 12वीं के अंकों के आधार पर भी एडमिशन उपलब्ध करवा देते हैं।
- अलग-अलग चरणों के माध्यम से एडमिशन मिलने के पश्चात आपको अपने आवेदन फीस के साथ एडमिशन को कंफर्म कर लेना है।
- अब विद्यार्थी को 2 वर्ष के इस डिप्लोमा को पूरा करना है और इवेंट मैनेजमेंट कोर्स का सर्टिफिकेट हासिल करना है।

## आगे बढ़ने के ढेर सारे मौके

### करियर स्कोप

जब कोई भी विद्यार्थी किसी भी डिग्री व डिप्लोमा कोर्स को पूरा करता है। तो उसके पश्चात विद्यार्थी के दिमाग में एक ही सवाल उत्पन्न होता है कि इस कोर्स को करने के पश्चात मेरे लिए भविष्य में कौन-कौन से करियर के स्कोर पर मौजूद होंगे। इवेंट मैनेजमेंट का कोर्स करने वाले विद्यार्थी को नाम से ही पता चल जाता है, कि करियर के स्कोप के तौर पर उसे इवेंट मैनेजर का काम करना होगा। लेकिन इवेंट मैनेजमेंट डिप्लोमा के पश्चात कौन-कौन से अन्य करियर स्कोप मौजूद होते हैं।

**कोर्स फीस :** विद्यार्थी किसी भी डिप्लोमा कोर्स या डिग्री लेने से पहले उस कोर्स को करने में कितनी फीस लगेगी इसके बारे में आकलन लगाना पसंद करता है। क्योंकि हर विद्यार्थी अमीर परिवार से नहीं होता है। हर विद्यार्थी अपने अपने स्टैंडर्ड के हिसाब से ही डिग्री और डिप्लोमा लेने के बारे में सोचता है। इस कोर्स को करने के लिए सरकारी कॉलेज में 20000 रुपये तक का प्रतिवर्ष खर्चा आता है तो प्राइवेट कॉलेज में इस डिप्लोमा को करने का 100000 रुपये प्रति वर्ष तक खर्चा आता है और कई ऐसे प्राइवेट कॉलेज है। जहां इससे भी अधिक फीस आपको देनी पड़ती है।

### यहां मिलता रोजगार

- शादी
- समारोह
- अवॉर्ड समारोह
- टीवी शो
- म्यूजिक लॉन्च
- म्यूजिक समारोह
- फिल्म अवॉर्ड
- फैशन शो
- थीम पार्टी
- प्रदर्शनी
- कोरपोरेट सेमिनार
- बर्थडे पार्टी समारोह

### मिलते बहुत सारे विकल्प

जब विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास करके इवेंट मैनेजमेंट कोर्स के लिए आगे बढ़ता है। तो विद्यार्थी के सामने बहुत सारे विकल्प खड़े हो जाते हैं। जिसमें से किसी भी एक कोर्स का चयन करके विद्यार्थी को इवेंट मैनेजमेंट कोर्स को पूरा करना होता है। इवेंट मैनेजमेंट के कौन कौन से कोर्स है।

**सर्टिफिकेट कोर्स इन इवेंट मैनेजमेंट**
**डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट**
**पीजी डिप्लोमा इन मीडिया एंड इवेंट मैनेजमेंट**
**बेचलर इन इवेंट मैनेजमेंट, बीएससी इन इवेंट मैनेजमेंट, बीबीए इन इवेंट मैनेजमेंट, बीए इन इवेंट मैनेजमेंट, मास्टर इन इवेंट मैनेजमेंट, एमबीए इन इवेंट मैनेजमेंट**

देश की सुरक्षा करने के लिए विशाल सेना की आवश्यकता

# इंडियन नेवी में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी के साथ-साथ मिलेगा देश सेवा का भी मौका

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

भारत देश अनेक सारे देशों की सीमाओं से सटा हुआ एक विशाल देश है। भारत की सीमाएं तीन से चार दुश्मन देशों से मिलती है। ऐसी स्थिति में देश की सुरक्षा करने के लिए एक विशाल सेना की आवश्यकता होती है। विशाल सेना के अंतर्गत नेवी भी शामिल है। बता देते हैं कि भारत के दक्षिण दिशा में विशालकाय समुद्र है। जहां से देश की सुरक्षा करना बहुत बड़ी चुनौती है और बहुत जरूरी भी है। ऐसी स्थिति में भारतीय नेवी का गठन किया गया है। यह काफी ताकतवर भारतीय सेना है, जो समुद्री मार्ग से आने वाले दुश्मनों का सामना करती है और देश को हमेशा सुरक्षित बनाए रखती है। इंडियन नेवी को हिंदी में नौसेना कहते हैं। यह फौज सामान्य फौज की तुलना में काफी ताकतवर होती है। इनके पास विशालकाय पानी वाले जहाज और पानी में चलने वाले हथियार होते हैं। इसके अलावा इन सैनिकों को पानी में युद्ध करने की पूरी ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि कभी भी युद्ध होने पर पानी में भी भारतीय सेना मुकाबला कर सकें। समुद्र में विभिन्न प्रकार के तत्व और तेल पाए जाते हैं। इसीलिए भारतीय सीमा के अंतर्गत आने वाले समुद्र की रक्षा भी इंडियन नेवी द्वारा ही की जाती है। इसके अलावा समुद्री मार्ग से होने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी नेवी की नजर से होकर गुजरता है। इंडियन नेवी दुनिया के सबसे ताकतवर नेवी में से एक है। समय-समय पर आपने टेलीविजन पर देखा होगा, कि किस तरह से इंडियन नेवी द्वारा युद्धाभ्यास किया जाता है और सरकार द्वारा भी विभिन्न प्रकार के हथियार इंडियन नेवी को उपलब्ध कराए जाते हैं। हाल ही में विक्रांत नाम का सबसे बड़ा और विशालकाय जहाज इंडियन नेवी को मिला है, जिसे समुद्र में उतार कर युद्ध अभ्यास भी किया जा चुका है। इस तरह के युद्धाभ्यास के बाद दूसरे देशों की सेना भी भारतीय सेना से टकराने के लिए एक हजार बार सोचती है। भारतीय नेवी अफसरों को काफी सम्मान मिलता है। इसीलिए आज के समय के अनेक सारे युवा इंडियन नेवी के तहत जॉब करना चाहते हैं। लेकिन उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं है।



## भारतीय नौसेना काफी ताकतवर



### समुद्री इलाके में तैनाती

समुद्री इलाके में देश की सुरक्षा के लिए नौसेना को तैनात किया जाता है। भारतीय नेवी के पास हर तरह के हथियार और उपकरण है, जिसकी मदद से वह देश की सुरक्षा के साथ किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। इंडियन नेवी का सबसे बड़ा अधिकारी नौसेना अध्यक्ष होता है तथा इस सेना की सर्वोच्च कमान भारत के राष्ट्रपति के पास होती हैं। पश्चिमी देशों में प्राचीन काल से ही समुद्री यात्राएं की जाती है। लेकिन भारत में पहले ऐसा नहीं होता था। जब भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने कदम रखें, तो वे समुद्री मार्ग से ही आए थे और उसके बाद समुद्र मार्ग से ही भारत के साथ पश्चिमी देशों में व्यापार शुरू कर लिया और समुद्र के रास्ते से ही सभी तरह के व्यापार किए जाते थे। समुद्र के रास्ते विभिन्न देशों की यात्राएं होती थी। इसीलिए महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी महाराज ने सन 1674 में अपने शासनकाल में समुद्री सेवा की स्थापना की थी, उसे ही भारतीय इतिहास में इंडियन नेवी स्थापना कहा जाता है।

### लंबा इतिहास

भारतीय नौसेना का इतिहास काफी पुराना है। भले ही आज के समय में इंडियन नेवी को अंग्रेजों की देन कहते हैं या अंग्रेजों को ही इंडियन नेवी का श्रेय देते हैं। लेकिन यह पूरी तरह से सही नहीं है क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने शासनकाल में समुद्री सेना का विस्तार कर दिया था, जिसके बाद आए अंग्रेजों ने अपने हिसाब से उसे विकसित किया और बड़े पैमाने पर फैलाया। यही वजह है कि आज के समय में हमें अक्सर लोगों द्वारा यह सुनने को मिलता है की अंग्रेजी शासन काल के दौरान ही आधुनिक भारत में इंडियन नेवी की स्थापना की गई थी, बल्कि स्थापना की बजाय विकास किया गया था। हिंदी में इंडियन नेवी को भारतीय नौसेना नाम से भी जाना जाता है।

### ऐसे बनाएं करियर

- अब तक आप भारतीय नौसेना के बारे में जान चुके हैं और अब भारतीय नौसेना में जाने का मन बना चुके हैं। तो आपको इंडियन नेवी में जाने से पहले विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए
- आपको यह पता होना चाहिए की कि आप भारतीय नेवी में जाने लायक है या नहीं क्योंकि यह एक ताकतवर फौज है।
- यहां पर विभिन्न प्रकार की योगिता निर्धारित की गई है। इन योग्यता के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- अगर आप नौसेना में करियर बनाना चाहते हैं। तो पहले इसका पूरा गणित समझ लीजिए।



### शैक्षणिक योग्यता

- भारतीय नौसेना में यूपीएससी, एनडीए के द्धारा ली जाने वाली परीक्षा के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल पास आउट होना चाहिए।
- इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ पास करने वाले उम्मीदवार भी इंडियन नेवी के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- अगर आपने कोई अच्छा कंप्यूटर कोर्स किया है, तो आपको इंडियन नेवी में चयनित होने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।
- अगर आपको टेक्नोलॉजी का ज्ञान है और उसमें रुचि है तो इंडियन नेवी में आपका चयन आसान हो सकता है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णता स्वस्थ होना चाहिए।
- भारतीय नौसेना में भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित की गई है।
- इंडियन नेवी में अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स के लिए अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष तय की गई है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का मान्यता प्राप्त 10वीं अथवा 12वीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार को दसवीं अथवा 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त करने आवश्यक है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- आवेदन करने वाले पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शरीर की लंबाई 157 सेंटीमीटर तय की गई है।
- महिला आवेदकों के लिए शरीर की लंबाई 152 सेंटीमीटर होना जरूरी है।
- पुरुष अभ्यर्थियों के छाती का विस्तारित आकार 5 सेमी होना जरूरी है।
- महिलाओं के लिए इस तरह के छाती के विस्तारित आकार की कोई योग्यता निर्धारित नहीं की गई है।
- इंडियन नेवी के आवेदकों का शारीरिक परीक्षण किया जाता है उसमें पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार अंधा नहीं होना चाहिए, दोनों आंखों से बराबर देखने वाला होना चाहिए।
- उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ होना जरूरी है।

### इन प्रोसेस से गुजरना होगा

**इंडियन नेवी में भर्ती के लिए तीन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इन तीन प्रक्रियाओं के आधार पर जॉइनिंग की जाती है। वह इस प्रकार है।**

**लिखित परीक्षा** **फिटनेस टेस्ट** **मेडिकल चेकअप**

इंडियन नेवी में भर्ती होने के लिए सबसे पहले परीक्षा देनी होता है जिसके लिए लिखित परीक्षा आयोजित करवाई जाती है। इस परीक्षा में पास होना जरूरी है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी आप नेवी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा के लिए भी एग्जाम पैटर्न और सिलेबस निर्धारित किया जाता है। अगर आप उसे अच्छी तरह से समझ लेते हैं, तो यह परीक्षा पास करना आपके लिए काफी आसान हो जाता है। बता देते हैं कि इंडियन नेवी में लिखित परीक्षा के तहत फिजिक्स, केमिस्ट्री, सामान्य ज्ञान, मैथ इंग्लिश, रिजनिंग इत्यादि विषय को सिलेबस के तहत निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा में 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाते हैं तथा यह परीक्षा केवल 60 मिनट में देनी होती है, जो उम्मीदवार इस परीक्षा को पास कर लेते हैं उन्हें फिटनेस टेस्ट के लिए भेज दिया जाता है लेकिन जो फेल हो जाते हैं। उन्हें वापस अपने घर लौटना होता है जो उम्मीदवार दूसरे चरण के फिटनेस परीक्षा भी पास कर लेता है उन्हें तीसरे चरण की मेडिकल परीक्षा के लिए भेज दिया जाता है। यहां पर उम्मीदवार के शरीर का मेडिकल टेस्ट किया जाता है जिसमें यह देखा जाता है कि उम्मीदवार पूरी तरह से मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ है या नहीं। और शरीर के सभी अंग सही ढंग से काम करते हैं या नहीं। इस टेस्ट में पास होने वाले उम्मीदवारों को ट्रेनिंग के लिए भेज दिया जाता है। वे इस परीक्षा में पास हो जाते हैं और ट्रेनिंग के बाद उन्हें जॉइनिंग मिल जाती है।

# वर्तमान परिदृश्य में छात्रों के लिए समय का प्रभावी उपयोग करना बेहद जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का समय, वह दौर है जो न केवल चुनौतियों से भरा है, बल्कि अनगिनत अवसरों का खजाना भी लेकर आया है। डिजिटल क्रांति, ऑनलाइन शिक्षा का विस्तार, और वैश्विक स्तर पर हो रहे बदलावों ने छात्रों के लिए नए रास्ते खोले हैं। लेकिन इसके साथ ही, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, भविष्य की अनिश्चितता और पढ़ाई का दबाव भी सामने आया है। ऐसे में, यह समय छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है कि वे अपनी प्रतिभा को निखारें, अपने सपनों को पंख दें और अपने लक्ष्यों की ओर दृढ़ता से बढ़ें। यह लेख उन सभी छात्रों के लिए है जो इस परिदृश्य को समझकर समय का सर्वोत्तम उपयोग करना चाहते हैं और हर परिस्थिति में प्रेरित रहना चाहते हैं। समय एक ऐसी संपत्ति है जो कभी वापस नहीं आती, और छात्र जीवन वह दौर है जब आप इस संपत्ति को सही दिशा में निवेश करके अपने भविष्य को सुनहरा बना सकते हैं।

## डिजिटल युग ने शिक्षा को अधिक सुलभ बनाया

आइए, जानें कि इस समय का प्रभावी उपयोग कैसे करें और प्रेरणा की आग को कैसे जलाए रखें। सबसे पहले, हमें यह समझना होगा कि वर्तमान परिदृश्य को एक चुनौती के बजाय अवसर के रूप में देखना चाहिए। डिजिटल युग ने शिक्षा को पहले से कहीं अधिक सुलभ बना दिया है। यूट्यूब, कोर्सेरा, खान एकेडमी जैसे मंच मुफ्त या किफायती कोर्स प्रदान करते हैं, जिनके माध्यम से आप प्रोग्रामिंग, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, या कोई अन्य कौशल सीख सकते हैं। ये कौशल न केवल आपके करियर को नई दिशा देंगे, बल्कि आपको आत्मविश्वास भी प्रदान करेंगे। इसके लिए एक लक्ष्य-आधारित योजना बनाना जरूरी है। अपने दीर्घकालिक लक्ष्य को छोटे-छोटे दैनिक लक्ष्यों में तोड़ें। उदाहरण के लिए, यदि आप इंजीनियरिंग या मेडिकल की तैयारी कर रहे हैं, तो रोजाना 1-2 घंटे किसी कठिन विषय को समर्पित करें। एक टाइम-टेबल बनाएँ, जिसमें पढ़ाई, कौशल विकास, और आत्म-देखभाल के लिए समय हो। इस अनुशासित दिनचर्या से आप समय की बर्बादी से बचेंगे और अपने लक्ष्यों के करीब पहुंचेंगे। लेकिन ध्यान रहे, सोशल मीडिया और अनावश्यक स्क्रॉलिंग समय के सबसे बड़े चोर हैं। अपने फोन पर स्क्रीन टाइम लिमिट सेट करें और पढ़ाई के दौरान नोटिफिकेशन बंद रखें। प्रेरणा वह शक्ति है जो आपको कठिनाइयों के बीच भी आगे बढ़ने का हौसला देती है। लेकिन प्रेरणा को बनाए रखना आसान नहीं है, खासकर तब जब असफलताएँ, तनाव, या नकारात्मक विचार आपके रास्ते में आएँ। प्रेरित रहने का पहला कदम है अपने ₹क्यों₹ को स्पष्ट करना। आप पढ़ाई क्यों कर रहे हैं? शायद आप अपने परिवार को गर्व महसूस कराना चाहते हैं, या एक बेहतर भविष्य का सपना देखते हैं। इस ₹क्यों₹ को एक कागज़ पर लिखें और अपनी स्टडी टेबल पर चिपकाएँ। यह आपको हर दिन याद दिलाएगा कि आपका लक्ष्य कितना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाएँ। एक कठिन चैप्टर पूरा किया? एक नया कॉन्सेप्ट समझा? खुद को शाबाशी दें यह छोटी जीत आत्मविश्वास की नींव बनाती हैं। प्रेरक स्रोतों से भी जुड़ें। स्वामी विवेकानंद, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महान व्यक्तियों की जीवनी पढ़ें, प्रेरक पॉडकास्ट सुनें, या यूट्यूब पर प्रेरणादायक वीडियो देखें। स्वामी विवेकानंद का यह कथन हमेशा याद रखें: ₹उठो, जागो और तब तक नहीं रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। साथ ही, अपने आसपास सकारात्मक माहौल बनाएँ।

## नकारात्मक लोगों से दूरी रखें

नकारात्मक लोगों से दूरी रखें और उन दोस्तों, शिक्षकों, या ऑनलाइन समुदायों से जुड़ें जो आपको प्रोत्साहित करें। चुनौतियां हर किसी के जीवन का हिस्सा हैं, और वर्तमान समय में ये चुनौतियाँ और भी जटिल हो सकती हैं। परीक्षा का दबाव, आर्थिक अनिश्चितता, या भविष्य की चिंता आपको विचलित कर सकती है। लेकिन इनका सामना करने के लिए आपको तनाव प्रबंधन की कला सीखनी होगी। रोज़ाना 5-10 मिनट ध्यान (मेडिटेशन) करें, गहरी सांस लें, या योग का अभ्यास करें। यह आपके दिमाग को शांत रखेगा और प्रेरणा को बनाए रखेगा। सकारात्मक आत्म-चर्चा भी एक शक्तिशाली हथियार है। मैं यह नहीं कर सकता की जगह कहें, मैं इसे सीख लूंगा। असफलता को डर के रूप में न देखें, बल्कि इसे एक शिक्षक के रूप में अपनाएं। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है। थॉमस एडिसन ने बल्ब बनाने से पहले 1000 बार असफलता का सामना किया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। आप भी हर बार गिरकर उठने की हिम्मत रखें। इसके अलावा, पढ़ाई के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें। हर 45 मिनट की पढ़ाई के बाद 5 मिनट का ब्रेक आपके दिमाग को तरोताज़ा रखेगा। स्वास्थ्य को कभी नज़रअंदाज़ न करें, क्योंकि स्वस्थ शरीर और मन ही प्रेरणा का आधार हैं। रोज़ाना 20-30 मिनट व्यायाम करें, चाहे वह टहलना हो, योग हो, या कोई खेल। संतुलित आहार लें और पर्याप्त नींद लें। नींद की कमी आपके फोकस और प्रेरणा को कम कर सकती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** इलेक्ट्रॉन के तरंग प्रकृति की खोज किसने की थी
(ए) थॉमसन
(बी) डी ब्रोग्ली
(सी) रदरफोर्ड
(डी) बोहर

**2.** तत्व के सबसे छोटे भाग को क्या कहते हैं
(ए) परमाणु
(बी) इलेक्ट्रॉन
(सी) न्यूट्रॉन
(डी) प्रोटॉन

**3.** डॉल्टन के परमाणु सिद्धांत के अनुसार कौन सा सबसे छोटा कण स्वतन्त्र रूप से रह सकता है
(ए) अणु
(बी) परमाणु
(सी) धनायन
(डी) ऋणायन

**4.** किसी परमाणु का रासायनिक व्यवहार निर्भर करता है, उसके -
(ए) न्यूक्लियस में प्रोटानो की संख्या पर
(बी) न्यूक्लियस में न्युट्रानो की संख्या पर
(सी) न्यूक्लियस के गिर्द घुम रहे इलेक्ट्रॉनो की संख्या पर
(डी) न्यूक्लियस में न्युक्लियनो की संख्या पर

**5.** द्रव्यमान संख्या' किसका योग है ?
(ए) केवल प्रोटान
(बी) इलेक्ट्रॉन और प्रोटान
(सी) इलेक्ट्रॉन और न्यूट्रान
(डी) प्रोटान और न्यूट्रान

**6.** किसी परमाणु के द्रव्यमान और द्रव्यमान संख्या के अंतर को कहते हैं
(ए) परमाणु क्रमांक
(बी) परमाणु संख्या
(सी) द्रव्यमान क्षति
(डी) इलेट्रॉनों की संख्या

**7.** किस न्यूक्लियर कण में कोई द्रव्यमान और आवेश नही होता ,किन्तु प्रचक्रण होता है
(ए) इलेक्ट्रॉन
(बी) प्रोटॉन
(सी) न्यूट्रॉन
(डी) मेसॉन

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(सी) 7.(सी)

## खबर संक्षेप

### इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी करने वाला गिरफ्तार

**हिसार।** शहर पुलिस ने इलेक्ट्रिक स्कूटी एजेंसी से ट्रायल के बहाने स्कूटी चोरी करने के मामले में आरोपी जींद जिले के उचाना निवासी असलम उर्फ पूजा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा चार इलेक्ट्रिक स्कूटी और दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। जांच अधिकारी एएसआई अनवर ने बताया कि इस संबंध में ई-बाइक नामक इलेक्ट्रिक स्कूटी एजेंसी के संचालक तसवीर सिंह ने शहर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी।

### स्पेशल स्टाफ टीम में 421 ग्राम अफीम सहित दो पकड़े

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ टीम ने नशा तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 421 ग्राम अफीम बरामद की है। पहले मामले में स्पेशल स्टाफ टीम ने सदलपुर निवासी रवि कुमार को जवाहर नगर स्थित जम्भेश्वर डेयरी के पास से काबू करके उससे 333 ग्राम अफीम बरामद की। दूसरे मामले में टीम ने टिब्बा दानाशेर निवासी कर्मवीर को उसके घर के सामने से काबू कर उसके कब्जे से 88 ग्राम अफीम बरामद की। दोनों पर संबंधित पुलिस थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिए गए हैं।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए मोहम्मदपुर रोही निवासी मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले की जांच कर रहे मुख्य सिपाही जगदीप ने बताया कि 15 मई को अग्रोहा मेडिकल से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी, जिसकी शिकायत गांव बकलाना निवासी प्रवीण ने थाना अग्रोहा में दी गई थी। जांच के दौरान आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया और चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की गई।

### एडवोकेट रजत कलसन एक दिन के रिमांड पर

**हिसार।** अदालत ने हिसार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए वरिष्ठ अधिवक्ता रजत कलसन को एक दिन के रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने रजत को अदालत में पेश करके उनके उपर दर्ज मामलों में अन्य आरोपियों बारे पूछताछ व उनकी गिरफ्तारी के लिए रिमांड मांगा, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए एक दिन का रिमांड दे दिया।

### चोरी की बढ़ती वारदातों से को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**हिसार।** जिले के गांव बनभौरी में तीन घरों में लाखों के सोना चांदी के आभूषण व नकदी चोरी वारदात में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को लघु सचिवालय गेट पर प्रदर्शन किया। बाद में ग्रामीणों ने एसपी शशांक कुमार सावन से मुलाकात की और आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग उठाई। एसपी ने पंचायत को चोरी की वारदात में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया।

### टीम ने 106 गैस सिलेंडर किए बरामद

# रिहायशी इलाके में अवैध गैस सिलेंडर गोदाम पर सीएम फ्लाइंग का छापा

**गैस सिलेंडर भरने की दो मोटर, दो इलेक्ट्रिक कांटे और दो वाहन भी मौके से बरामद, दो पर केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। अवैध गैस सिलेंडर गोदाम पर जांच करते हुए सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सीएम फ्लाइंग टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हिसार शहर के कृष्णा नगर रिहायशी इलाके में एक अवैध गैस सिलेंडर भंडारण गोदाम पर छापा मारा। यह कार्रवाई सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से की गई। छापे के दौरान टीम ने मौके से 106 गैस सिलेंडर, दो मोटर, दो इलेक्ट्रिक कांटे और दो वाहन बरामद किए हैं।

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने शुक्रवार को बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि गांव बगला निवासी संदीप कुमार द्वारा हिसार शहर के एक रिहायशी इलाके में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण किया जा रहा है। इसके बाद सीएम फ्लाइंग ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक कृष्ण कुमार साथ मिलकर रेड की गई। कार्रवाई के दौरान कृष्णा नगर क्षेत्र में पहले एक वाहन को रोका गया जिसमें 29 खाली गैस सिलेंडर मिले। पूछताछ में वाहन चालक अजय, निवासी राजस्थान ने खुलासा किया कि सिलेंडर गांव बगला निवासी संदीप कुमार के हैं। इसके बाद टीम संदीप को साथ लेकर उसके गोदाम पर पहुंची जहां एक और वाहन से 29 खाली सिलेंडर बरामद हुए। गोदाम की तलाशी लेने पर वहां 44 भरे हुए गैस सिलेंडर, गैस भरने की दो मोटर और दो इलेक्ट्रिक कांटे मिले। इस पूरे भंडारण और उपकरणों के संबंध में जब दस्तावेज मांगे गए, तो ड्राइवर और गोदाम मालिक कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके।

सूचना के आधार पर अर्बन एस्टेट थाना पुलिस को बुलाया गया। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार की शिकायत पर पुलिस ने वाहन चालक अजय और गोदाम मालिक संदीप कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने कहा कि रिहायशी इलाके में इस तरह का अवैध भंडारण न केवल गैरकानूनी है, बल्कि इससे बड़ा हादसा भी हो सकता है और जान माल का नुकसान हो सकता है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपने आस-पास ऐसी किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# किसान सभा आदमपुर तहसील का सम्मेलन सम्पन्न, कपूर सिंह बगला बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर



आदमपुर। किसान सम्मेलन संबोधित करते किसान नेता शमशेर नम्बरदार, सतबीर धायल व दिनेश सिवाच।

अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी आदमपुर का सम्मेलन अनिल बैंदा, मांगेराम गोदारा व रघुबीर सिहं मंडेरना की संयुक्त अध्यक्षता में हुआ। संचालन कपूर सिंह बगला व सतबीर सिंह धायल ने किया।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए जिला अध्यक्ष शमशेर सिंह नंबरदार ने कहा कि अखिल भारतीय किसान सभा हर रोज किसानों की समस्याओं के लिए संघर्ष कर रही है, इसलिए हर किसान को किसान सभा से जुडक़र किसानों की लड़ाई को तेज करना चाहिए। सम्मेलन में तीन साल की गतिविधियों आंदोलनात्मक व सांगठनिक रिपोर्ट सतबीर सिंह धायल ने प्रस्तुत की। प्रतिनिधियों ने रिपोर्ट पर बहस में हिस्सा लिया और अपने सुझावों को रिपोर्ट में शामिल करवाया।

सम्मेलन में राज्य उपाध्यक्ष दिनेश सिवाच ने फिलिस्तीन के गाजा पट्टी में इजरयल व अमेरिका द्वारा किये जा रहे नरसंहार की कड़ी निंदा की व समाजवादी देश क्यूबा की अमेरिका द्वारा आर्थिक घेराबंदी की कड़ी आलोचना करते हुए क्युबा एकजुटता फंड में किसानों से ज्यादा से ज्यादा योगदान करने की अपील की जिसे किसानों ने हाथों हाथ लिया। किसान सभा के राज्य महासचिव सुमित दलाल ने कहा कि किसान सभा एक करोड़ 54 लाख सदस्यता वाला किसानों का सबसे बड़ा किसान संगठन है, जिसका इतिहास अपने स्थापना वर्ष 1936 से आजादी के आंदोलन व किसानों की मागों को लेकर लडऩे का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर बिजली का निजीकरण करने का हथकंडा है, जिसे किसान सभा और संयुक्त मोर्चा कभी नहीं होने देगा।

### किसान सम्मेलन में 2 प्रस्ताव पारित किए

पहले प्रस्ताव में 18 जुलाई को तहसीदार के माध्यम से शासन प्रशासन को जो 19 सूत्रीय दिये गये ज्ञापन पर कारवाई नहीं हुई तो किसान बड़ा आन्दोलन करेंगे। दूसरा चौधरीवाली गांव में पकड़ी गई नकली डीएपी खाद इफको का मार्का वाला कट्टा, वजन में एक कट्टा 58 किलो से ज्यादा में कारवाई नहीं हुई तो किसान सभा, संयुक्त किसान मोर्चा के साथ मिलकर प्रशासन और शासन के खिलाफ आंदोलन करेगी।

# हरियाणा को जल संपन्न बनाने की दिशा में सरकार की पहल

- जल संरक्षण : संकल्प भी, कर्तव्य भी अभियान के तहत चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम

**हिसार।** हरियाणा सरकार जल संकट को दूर करने और प्रदेश को जल संपन्न राज्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जल संरक्षण अभियान चला रही है। जल संरक्षण : संकल्प भी, कर्तव्य भी के संदेश के साथ आमजन को इस मुहिम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जल बचाने को लेकर लोगों से आह्वान किया है कि पानी की हर बूंद से न सिर्फ जीवन बचता है, बल्कि यह हमारी ऊर्जा और प्रयासों को भी गति देता है। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में विशेष योजनाएं संचालित कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से जल उपलब्ध कराने का काम किया जा रहा है। वहीं शहरी क्षेत्रों में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जलापूर्ति, सीवरेज प्रबंधन, हरित स्थानों और जल स्त्रोतों को बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा नल जल मित्र योजना के तहत ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# कुंभा गांव में बरसात से गिरी मकान की छत, भैंस व सामान मलबे में दबा

- छत गिरने से थोड़ी पहले कमरे से बाहर निकला था परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। छप्पर के नीचे बैठी घायल भैंस व कटड़ी।

उपमंडल में लगातार दो दिन हुई बरसात ने कुंभा गांव में एक मजदूर के परिवार पर कहर बरपाया दिया। बरसात के चलते शुक्रवार सुबह रवि नामक मजदूर का मकान की छत अचानक से भरभराकर गिर गई लेकिन गनीमत रही कि छत गिरने का अहसास होने से चंद मिनट पहले रवि व उसकी पत्नी सोनू अपने बच्चों को लेकर कमरे से बाहर आ गए। बच्चों को आंगन में बैठा कर जब वह भैंस व कटड़ी को खोलने के लिए वापस कमरे के अंदर जाने लगा तो कमरे की छत भरभराकर नीचे आ गिरी। इससे भैंस व कटड़ी तथा घर का सामान छत के मलबे के नीचे दब गए। भैंस व कटड़ी की पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं वहीं कमरे में रखा सारा सामान खराब हो गया। छत गिरने का आवाज सुनकर परिवार व ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच मलबे को भैंस व कटड़ी व सामान को बाहर निकाला।

### प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग

*मकान मालिक ने बताया कि उसके दो बेटे व दो बेटियां हैं। शुक्रवार सुबह हुए हादसे में संयोगवश सभी सुरक्षित बच निकले लेकिन मकान की छत गिर जाने पर अब परिवार को खुले आसमान के नीचे रहना पड़ रहा। रवि ने प्रशासन व सामाजिक संस्थाओं से आर्थिक सहायता और छत मुहैया करवाने की मांग की है।*

# गुरु जम्भेश्वर विवि में तकनीकी व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग में एडवेंट इंफोर्मेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के दो प्रतिनिधियों, एमफार्मा क्षितिज बारी एवं एमफार्मा आदित्य मिश्रा द्वारा एमफार्मा विद्यार्थियों के लिए एक तकनीकी व्याख्यान का आयोजन विभागीय सेमिनार हॉल में किया गया।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर होते रहने चाहिए क्योंकि इनसे छात्रों के ज्ञान में वृद्धि होती है और वे उद्योगों में कार्य करने के लिए अधिक सक्षम बनते हैं। इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस व्याख्यान का मुख्य विषय 'मोलसॉफ्ट (मोलीक्यूल इन सिलिको)' रहा, जिसमें आधुनिक औषधि खोज की तकनीकों पर केंद्रित विषयों जैसे केमोइन्फॉर्मेटिक्स, बायोइन्फॉर्मेटिक्स, मोलसॉफ्ट सॉफ्टवेयर, इन-सिलिको स्टडीज, डॉकिंग एवं दवा खोज की विभिन्न चरणों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। प्रतिनिधियों ने विषय को अत्यंत सरल, व्यावहारिक और शोध आधारित दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया, जिससे विद्यार्थियों को इन तकनीकों की वास्तविक उपयोगिता का गहन ज्ञान प्राप्त हुआ।

इस संगोष्ठी में विभाग के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. सुमित्रा सिंह, प्रो. अश्विनी जांगड़ा, प्रो. मनीष आहूजा, प्रो.अर्चना कपूर, प्रो. मीनाक्षी भाटिया, प्रो. सुनील सिंहमार, डॉ. रेखा राव, डॉ. समृद्धि, डॉ. कविता, डॉ हिमांशी, डॉ रवि व डॉ नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे, जिन्होंने विषयवस्तु को लेकर विद्यार्थियों से गहन संवाद किया। शिक्षकों की इस सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम और अधिक इंटरएक्टिव एवं ज्ञानवर्धक बन गया।

इस संगोष्ठी का सफल आयोजन विभाग के संकाय सदस्यों डॉ. विक्रमजीत सिंह एवं डॉ. मनोज मेडल के समन्वय एवं प्रयासों से संभव हो सका, जिन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर छात्रों के लिए इस ज्ञानवर्धक अवसर को उपलब्ध कराया।

विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील शर्मा ने दोनों विशेषज्ञ अतिथियों का धन्यवाद करते हुए छात्रों को शोध के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया।



नारनौंद। विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देते हुए मुख्य अतिथि।

# पुलिस ने गांव मोठ करनैल में दो गांवों की टीमों के बीच करवाए बास्केट बॉल मैच

नारनौंद। पुलिस की नशा मुक्ति टीम पुलिस ने गांव मोठ करनैल में बास्केटबॉल के मैच करवा कर युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित कर, उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के प्रति जागरुक किया। नशा मुक्ति टीम इंचार्ज एएसआई दीपक कुमार ने बताया कि बास्केट बॉल के सभी मुकाबले काफी रोमांचक हुए जिससें मोठ रांगड़ान ने जीत हासिल की। उन्होने ने प्रतियोगिता के दौरान ग्रामीणों, युवाओं और खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणामों, यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। नाबालिगों को वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया। नशा बेचने वालों के खिलाफ सूचना देने हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया। सभी युवाओं ने नशे के खिलाफ जागरूक रहने और समाज को जागरूक करने की शपथ ली। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम को हांसी पुलिस द्वारा आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# हिसार छावनी में सैन्य भर्ती रैली शुरू

- युवाओं में दिखा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। हिसार छावनी में अग्निवीर भर्ती रैली में भाग लेते युवा।

भारतीय सेना ने शुक्रवार को हिसार छावनी में अग्निवीर भर्ती रैली शुरू हुई है। यह रैली 13 अगस्त तक जारी रहेगी और इसका उद्देश्य विभिन्न अग्निवीर पदों, जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) व अन्य सैन्य पद पर जवानों की भर्ती करना है। रैली में पहले दिन युवाओं में भरी जोश देखने को मिला।

भर्ती में शामिल होने के लिए अलसुबह से ही युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी। युवा गुरुवार की रात से ही हिसार छावनी के बाहर पहुंचना शुरू हो गए थे। यह भर्ती रैली हिसार, जींद, सिरसा और फतेहाबाद जिलों के उम्मीदवारों के लिए खुली है। अग्निवीर पदों में जनरल ड्यूटी (जीडी), तकनीकी, क्लर्क/स्टोर कीपर तकनीकी और ट्रेड्समैन (10वीं और 8वीं पास) शामिल हैं। इसके अलावा, भर्ती रैली में स्थायी श्रेणियों के लिए भी उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा, जिनमें आरटी जेसीओ, जेसीओ कैटरिंग, सिपाही फार्मा, एनए तकनीकी, हवलदार शिक्षा और हवलदार एसएसी शामिल हैं। ये पद हरियाणा (गुड़गांव को छोड़कर) और हिमाचल प्रदेश के उम्मीदवारों के लिए खुले हैं। सेना प्रवक्ता के अनुसार उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे अपने पंजीकृत ईमेल आईडी पर प्रवेश पत्र अवश्य देखें और रैली स्थल पर अपना प्रवेश पत्र, आवेदन पत्र, आधार कार्ड और पैन कार्ड अवश्य लाएं। उन्हें एजेंटों और दलालों से भी सावधान रहने के लिए भी सचेत किया गया है,जो उनका शोषण करने की कोशिश कर सकते हैं।

# बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। बीड़ बबरान धाम का दृश्य।

आध्यात्मिकता का संचार करने वाले बीड़ बबरान धाम में 3 अगस्त को आयोजित होने वाले श्याम बाबा के संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। इस दौरान श्याम बाबा के दरबार को विशेष रूप से सजाकर भव्य स्वरूप दिया जाएगा। श्रद्धालु श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर मन्नत मांगेंगे। सायं 4 बजे से रात्रि 7 बजे चलने वाले इस संकीर्तन में हिसार के विभिन्न गायक भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा से भक्तों का साक्षात्कार करवाएंगे। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि बीड़ बबरान धाम व श्याम बाबा के दरबार की दूर-दूर तक मान्यता है। अर्जी संकीर्तन के दौरान दूर-दूर के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर और आराधना करते हुए अर्जी लगाते हैं। अर्जी संकीर्तन में पधारने वाले भक्तों को बीड़ बबरान धाम में स्थापित श्याम बाबा के दरबार, वीर हनुमान के मंदिर, शिव परिवार, अखंड जोत, धूणे, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के भी दर्शन करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ-साथ महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष व उसके अनूठे पत्तों के दर्शन का भी मौका मिलेगा।

# मॉडल टाउन स्थित शोरूम में घुसा बरसात का पानी, लाखों का ब्रांडेड सामान हुआ खराब

- अर्बन एस्टेट स्थित शॉपिंग जोन के बेसमेंट में भरा बरसाती पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। शोरूम में घुसे बरसात के पानी में तैरता सामान। फोटो : हरिभूमि

मॉडल टाउन स्थित शॉपिंग जोन शोरूम में गत रात्रि हुई तेज बारिश के चलते भारी मात्रा में पानी घुस गया। रात को काफी पानी शोरूम की बेस्मेंट में भर गया। सुबह जब दुकान के स्वामी ने शोरूम खोला तो उसमें जमा पानी और लाखों रुपये के बैंडेंड सामान को पानी में तैरते हुए देखकर उसके होश उड़ गए। शोरूम के मालिक ने तुंरत अपने पूरे स्टाफ को बुलवाया और पानी को निकालने की कोशिश की लेकिन पानी अधिक होने के कारण पानी नहीं निकल पाया।

शोरूम के मालिक दिनेश ने बताया कि उनके शोरूम में विभिन्न ब्रांड्स के महंगे प्रोडक्ट हैं जिनमें कपड़े, जूते व अन्य सामान शामिल है।

सुबह शोरूम खोलने पर देखा तो विभिन्न ब्रांड्स का कीमती सामान पानी में तैरता हुआ मिला। उन्होंने बताया कि इसके चलते उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है और पानी अभी भी शोरूम में खड़ा है। उन्होंने कहा कि शहर में भारी बारिश के कारण सडक़ों पर भी कई-कई फिट पानी जमा हुआ है और पूरी की पूरी गाडिय़ां व बाइक बारिश के पानी में डूब गई। बेस्मेंट में होने के कारण बरसात का पानी शोरूम में घुस गया जिस कारण उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

### छात्राओं तथा स्टाफ को किसी भी चीज की कमी नहीं रहने दी जाएगी: विधायक

# एसडी महिला महाविद्यालय के पुस्तकालय को डिजिटल लाइब्रेरी में करवाया जाएगा कन्वर्ट : विनोद भयाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। एसडी महिला महाविद्यालय में छात्राओं के साथ जन्मदिन मनाते विधायक।


विधायक विनोद भयाना ने कहा कि एस डी महिला महाविद्यालय के पुस्तकालय को डिजिटल लाइब्रेरी में कन्वर्ट करवाया जाएगा।

इस अवसर विधायक विनोद भयाना ने महाविद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर आयोजित हवन यज्ञ कार्यक्रम में पूर्ण आहुति डालने के उपरांत आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में पढ़ने वाली हर लड़की मेरी बहन, बेटी के समान है। किसी भी बेटी को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। विधायक ने कहा कि महाविद्यालय में छात्राओं तथा स्टाफ के लिए किसी भी चीज की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में और अधिक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए पैसे की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस दौरान पांच लाख रुपए की राशि की मांग की गई। विधायक ने कहा कि इस मांग को बहुत ही जल्द पूरा किया जाएगा। उधर, विधायक विनोद भयाना ने अपना 68वां जन्म दिवस महाविद्यालय की छात्रों तथा स्टाफ के साथ मनाया। इस दौरान उन्होंने केक काटा और अपने जन्म दिवस की खुशियां उनके साथ साझा की। इस दौरान महाविद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ। विधायक विनोद भयाना तथा महाविद्यालय के प्रशासक एवं एसडीएम राजेश खोथ ने हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर भाजपा नेता राजपाल यादव, पंचायत समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष यादव, विधायक विनोद भयाना के पुत्र साहिल भयाना, विधायक के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भुटानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, पार्षद रमेश सिसोदिया, प्रवीण खटीक, गोलू चावला, बक्शी ठकराल, दीपक मित्तल, नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि विनोद सैनी, सनी चौहान, महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेश गुप्ता महाविद्यालय का पूरा स्टाफ तथा महाविद्यालय की छात्राएं तथा क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप



### ओशो ध्यान उपवन में ध्यान सत्र तीन को

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में तीन अगस्त को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस सत्र में ध्यान की विधियों का महत्व समझाते हुए उनका अभ्यास भी करवाया जाएगा। इस दौरान सतगुरु ओशो की शिक्षाओं की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा भी की जाएगी। ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय ने बताया कि 3 अगस्त के ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से साधक हिस्सा लेंगे। साधकों को ध्यान साधना का अभ्यास करवाते हुए उन्हें अपने भीतर गहरे उतरकर अलग अनुभूति का एहसास करवाया जाएगा। स्वामी संजय ने बताया कि ओशो के दुनियाभर में अनगिनत शिष्य हैं और लाखों लोग उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करते हैं।

### अवैध शराब की 24 बोतल के साथ दो काबू

**हांसी।** शहर व सदर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों में अवैध देसी शराब की 24 बोतल के साथ ढाणा कलां निवासी जगदीश व चारकुतुब गेट निवासी अमित को गिरफ्तार किया है। एएसआई नरेंद्र कुमार ने बताया कि गश्त पड़ताल के दौरान ढाणा कलां निवासी जगदीश को 11 बोतल अवैध देसी शराब व चारकुतुब गेट निवासी अमित को 13 बोतल अवैध देसी शराब सहित गिरफ्तार किया है।

### अनुसूचित जाति के परिवारों के लिए सूक्ष्म वित्त योजना

**हिसार।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम हिसार द्वारा अनुसूचित जाति के परिवारों के लिए सूक्ष्म वित्त योजना के तहत ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आय उपार्जन या स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए एक लाख रुपये तक का सूक्ष्म वित्त ऋण और दो लाख रुपये तक का टर्म लोन प्रदान किया जाएगा। जिला प्रबंधक कुलदीप सैनी ने बताया कि इस योजना का लाभ वही व्यक्ति उठा सकता है जो अनुसूचित जाति का हो, जिसकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो और पारिवारिक वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम हो।

### धान अवशेष प्रबंधन के लिए दिया जाएगा 65% अनुदान

**हिसार।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हिसार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए फसल अवशेष प्रबंधन घटक के तहत किसानों, एफपीओ, सहकारी समितियों, पंचायतों एवं उद्योगों को बड़ी राहत दी है। विभाग ने धान अवशेषों के एक्स-सीटू प्रबंधन के लिए विभिन्न क्षमताओं वाली पैडी स्ट्रा सप्लाई श्रृंखला पर 65 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराने की योजना के अंतर्गत आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 7 अगस्त कर दिया है। सहायक कृषि अभियंता गोपीराम सांगवान ने बताया कि पहले आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई थी, लेकिन अब त्रुटिपूर्ण आवेदनों को संशोधित करने तथा नए आवेदनों के लिए यह अंतिम अवसर प्रदान किया गया है।

### 'हरित विवाह' पर्यावरण संरक्षण को समर्पित अनूठी पहल

# राह संस्था के पदाधिकारियों ने दिया शादी में कदम के पौधों का उपहार

**हरियाणा पुलिस अधिकारी जगदीश के पुत्र व पुत्रवधु को शादी के अवसर पर पौधे प्रदान किए, कदम के पौधे प्रेम और वृद्धि का प्रतीक**



हिसार। विशाल मोर्या की शादी के अवसर पर कदम के पौधे भेंट करते राह संस्था के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

सामाजिक संस्था राह ग्रुप ग्रुप फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने शादी समारोहों में कदम (कदंब) के पौधों की जोड़ी उपहार में देने की परम्परा के तहत सेक्टर-14 स्थित पंजाबी भवन में आयोजित हरियाणा पुलिस के अधिकारी जगदीश चन्द्र के पुत्र एडवोकेट विशाल मोर्या व पुत्रवधु श्वेता रानी के शादी के अवसर पर पौधे प्रदान किए।

राह संस्था के चेयरपर्सन नरेश सेलपाड़ के अनुसार यह पौधा न केवल अपनी सुगंध और छाया के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि भारतीय संस्कृति में इसे पवित्र माना जाता है।

नवदंपति को दी जाने वाली यह जोड़ी उनके बढ़ते प्रेम और साथ-साथ विकसित होते रिश्ते का प्रतीक है।

इस दौरान चेयरमैन एसआई जगदीश चन्द्र, रुघबीर सिंह सुंडा, एडवोकेट बजरंग इंदल, निर्माता-निदेशक रमेश जुगलान व समाजसेवी होशियार सिंह मुवाल सहित कई गणमान्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। ध्यान हो कि इसी वर्ष राह संस्था ने शादी समारोहों मे कदम (कदंब) के पौधों की जोड़ी उपहार में देने की अनोखी परंपरा शुरू की है।

#### कैसे बन रही है यह नई परंपरा

राह ग्रुप फाउंडेशन के पदाधिकारियो के अनुसार ये उपहार रुपी ये दोनों पौधे दूल्हा-दुल्हन द्वारा उसी दिन किसी भी सावर्जनिक स्थानों पर लगाए जाते हैं। नवविवाहित जोड़े इन पौधों की देखभाल करने की उसी प्रकार जिम्मेवारी लेते है जिस प्रकार वे अपने रिश्तों की करेंगे। सामाजिक संस्था के तत्वावधान में अब तक 50+ शादियों में 100 से अधिक कदम के पौधे वितरित किए जा चुके हैं। पर्यावरणीय संकट के इस दौर में राह संस्था की यह पहल एक बड़ा संदेश देती है और एक पेड़ 50 साल में लगभग 17.5 लाख रुपये की ऑक्सीजन देता है।

#### पर्यावरण और संस्कृति का सुंदर मेल

हरियाणा पुलिस में बतौर एसआई कार्यरत व दूल्हे के पिता जगदीश चन्द्र के अनुसार कदम का पौधा न केवल पर्यावरण के लिए लाभदायक है, बल्कि यह ऑक्सीजन का उत्कृष्ट स्त्रोत है। भारतीय साहित्य और कला मे इसका विशेष स्थान है। इसके अलावा आयुर्वेद में इसके औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। उनके अनुसार राह संस्था का यह प्रयास शादी जैसे सामाजिक आयोजनों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर एक नई सोच पैदा कर रहा है। आने वाले समय मे और अधिक लोग इस हरित परंपरा को अपनाएं, यही संस्था का उद्देश्य है।

# हकृवि में चौथे चरण की प्रवेश परीक्षा कल : वीसी



हिसार। विश्वविद्यालय का प्रशासनिक खंड-फ्लैचर भवन। फोटो : हरिभूमि

- विवि प्रशासन ने की प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी कम्युनिटी साइंस, एमएफएससी व एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा तीन अगस्त को होगी। हकृवि प्रशासन ने प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 702 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। इस परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए विश्वविद्यालय में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

सफलतापूर्वक परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हैं। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी। उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घण्टा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा।

अभ्यार्थी को बिना किसी प्रिंट/पैटर्न/टेक्स्ट की सादे आधी बाजु वाली शर्ट/टी-शर्ट पहन के आने होंगे। किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रातः 9 बजे से दोपहर 4.30 बजे तक आकर मिल सकते हैं अन्यथा कार्यालय के फोन नं. 01662-255254 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में देख सकते हैं।

# डीपीएस की रुद्राक्षी व प्रिशा का राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए चयन

- यह हमारे विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का क्षण : प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। डीपीएस स्कूल की छात्राएं प्राचार्या के साथ। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली पब्लिक स्कूल, रोहिणी द्वारा आयोजित 'विचारवीथी-अंतर-डी पी एस हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता 2025' के प्रथम चरण में डीपीएस हिसार की मेधावी छात्राएं रुद्राक्षी दलाल तथा प्रिशा कामरा ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए अपनी योग्यता सिद्ध की।

इस प्रतियोगिता में देशभर के डीपीएस विद्यालयों की प्रतिभागी टीमों के मध्य तीव्र प्रतिस्पर्धा रही किन्तु रुद्राक्षी और प्रिशा ने अपने प्रभावशाली भाषण-कौशल, तार्किक प्रस्तुति एवं आत्मविश्वास के बल पर निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रथम चरण में इनकी वाद-विवाद विषय-वस्तु थी 'बोर्ड परीक्षाएँ विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव डालती हैं?।' इस विषय पर रुद्राक्षी दलाल एवं प्रिशा कामरा ने क्रमशः विपक्ष और पक्ष में बोलते हुए तर्कसंगत दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जिससे वे चयनित प्रतिभागियों में स्थान पाने में सफल रहीं। प्रधानाचार्या मंजू सुधाकर ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी बेटियां राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी, यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है।

# यदुवंशी के छात्रों ने खेलों में परचम लहराया

- ब्लॉक स्तरीय हरियाणा स्कूल गेम्स में यदुवंशी शिक्षा निकेतन की ऐतिहासिक जीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



हांसी। स्वर्ण पदक विजेता वालीबॉल टीम के साथ आयोजन समिति सदस्य।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय हरियाणा स्कूल गेम्स 2025-26 में न केवल पदकों की बौछार की, बल्कि अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व के मूल्यों का भी अद्वितीय प्रदर्शन किया।

खिलाड़ियों ने ट्रैक एवं फील्ड इवेंट्स के साथ-साथ टीम स्पोर्ट्स में भी अपना परचम लहराते हुए यह सिद्ध कर दिया कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम हैं। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि ट्रैक इवेंट्स में अंडर-14 वर्ग के अंतर्गत गौरव ने 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, संकेत ने 600 मीटर में तृतीय, एकांश ने 200 मीटर में तृतीय, नकुल ने 400 मीटर में तृतीय स्थान वही अंडर-17 वर्ग में तरुण ने 100 मीटर में प्रथम स्थान, रॉबिन ने 100 मीटर में द्वितीय, तरुण ने 400 मीटर में द्वितीय, शेखर ने 400 मीटर में तृतीय, नकुल ने 3000 मीटर में तृतीय व 5000 मीटर में प्रथम स्थान तथा अंडर-19 वर्ग में कृष्ण ने400 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। फील्ड इवेंट्स में रॉबिन ने लॉन्ग जंप में प्रथम, आकाश ने द्वितीय स्थान, डिस्कस थ्रो अंडर 17 वर्ग में पियूष ने द्वितीय, गर्व ने तृतीय स्थान, अंडर -19 डिस्कस थ्रो में निशांत जाखड़ ने द्वितीय व हाई जंप अंडर-17 वर्ग में हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

यदुवंशी की वॉलीबॉल टीम ने समन्वय, रणनीति और साहस का परिचय देते हुए कैप्टन आकाश के नेतृत्व में टीम सदस्य योगेश बूरा, मनीष यादव, दीपेन्द्र कादयान, अतिश दुहन, हिमांशु मोर, अभिनव, आदित्य, जतिन दुहन ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यदुवंशी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यदुवंशी संस्थान का उद्देश्य न केवल अकादमी उत्कृष्टता है, बल्कि खेलों में भी विद्यार्थियों को नेतृत्व आत्मविश्वास और अनुशासन के गुणों से समृद्ध करना है। हमारे खिलाड़ियों ने अपने जुनून और मेहनत से जो उपलब्धि हासिल की है, वह हम सबके लिए गर्व का विषय है।

# सीए के लिए बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट कल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



सीए अमन बंसल।

चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट की व्यस्त दिनचर्या को देखते हुए और स्वास्थ्य से सरोकार रखते हुए तीन अगस्त को हिसार बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इस टूर्नामेंट की हर टीम में छह खिलाड़ी होंगे।

एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि सीए की कार्य की निरंतरता देखते हुए उनके लिए मनोरंजक, रोमांचक व उत्साहपूर्ण क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। 3 अगस्त को प्रातः 8 बजे लाजपत नगर स्थित क्रिक जोन ऐरिना में यह टूर्नामेंट खेला जाएगा। टूर्नामेंट के दौरान जीएफसीए के फाउंडर सीए श्याम गुप्ता अतिथि होंगे। हिसार एनआईसीएएसए के चेयरमैन सीए विशेष भारद्वाज व एनआईआरसी हिसार ब्रांच के कार्यकारी सदस्य सीए सुनील कुमार टूर्नामेंट संयोजक की भूमिका निभा रहे हैं। सेमिनार में हिसार ब्रांच के वाइस चेयरमैन सीए अजय गोयल, सचिव सीए मुकुल मित्तल, आदि उपस्थित रहेंगे।

# छात्रों की समस्याओं के हल के लिए गुजवि में इनसो ने किया प्रदर्शन

- डीन प्रो. संजीव कुमार ने छात्रों को दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। वीसी कार्यालय के समक्ष बैठे छात्र। फोटो : हरिभूमि

छात्रों की समस्याओं के हल के लिए गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्र संगठन इंसान ने कुलपति कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अज्जू घनघस ने किया।

प्रदर्शन यूनिवर्सिटी व कॉलेजों में की गई फीस बढ़ोतरी, माइग्रेशन फीस और मर्सी चांस के पेपरों की अधिसूचना को लेकर किया गया। इनसो के अनुसार बाद में कॉलेज डीन प्रो. संजीव कुमार ने छात्रों को आश्वासन देते हुए बताया कि फीस बढ़ोतरी पर गठित कमेटी अगले सप्ताह तक राहत भरा निर्णय लेकर नोटिस जारी करेगी। वहीं मर्सी चांस वाले छात्रों के लिए पेपर संबंधी नोटिस भी शीघ्र ही जारी किया जाएगा। इनसो जिलाध्यक्ष अज्जू घनघस ने कहा कि प्रशासन को छात्रों के हित में शीघ्र फैसला लेना होगा, अन्यथा उनका संगठन यूनिवर्सिटी में बड़े आंदोलन के लिए तैयार है। छात्र पहले ही आर्थिक रूप से परेशान हैं, और इस तरह की फीस वृद्धि छात्रों पर बोझ डाल रही है। प्रो. संजीव कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि माइग्रेशन फीस में की गई 35,000 रुपये की बढ़ोतरी को पूरी तरह से हटा दिया गया है। अब छात्रों से किसी प्रकार की माइग्रेशन फीस नहीं ली जाएगी। इसके साथ ही दाखिले की फीस में भी यूनिवर्सिटी द्वारा जल्द राहत दी जाएगी।

### स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति व राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रम होंगे : जयाश्रद्धा



हिसार। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा।

**हिसार।** अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने 15 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के मद्देनजर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम में गरिमामयी उत्कृष्ट व बेहतरीन कार्यक्रमों का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम देशभक्ति व राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत होने के साथ-साथ प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद हों।

पेशाब
की समस्याओं का स्थाई इलाज
- बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
- पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
- गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
- गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।

डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव

परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)

समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा

कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें :
85709-15000

अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand,
Rishi Nagar, Hisar



आदमपुर। मदर प्राइड स्कूल के विजेता छात्र। फोटो : हरिभूमि

### मदर्स प्राइड कान्वेंट स्कूल के खिलाड़ियों ने फुटबॉल अंडर 17 में किया शानदार प्रदर्शन

**आदमपुर।** गुरुग्राम के किट्स स्कूल में क्लस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मदर्स प्राइड कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम चरण जीतकर स्वर्णिम पन्ना जोड़ दिया है। विद्यालय की टीम ने अंडर 17 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय चरण के लिए क्वालीफाई किया। स्कूल संचालक धर्मवीर जांगड़ा ने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके स्वर्णिम भविष्य तथा आगे होने वाली प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन की कामना की। स्कूल प्राचार्य राकेश कौशिक ने कहा कि हमारे स्कूल के विद्यार्थी हर रोज अपनी प्रतिभाओं को खोजते हुए आगे बढ़ रहे हैं जिसमें हमारे स्कूल के शिक्षकों का अहम योगदान है। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों से मानसिक व शारीरिक विकास के साथ-साथ आत्मविश्वास और सहयोग की भावना भी बढ़ती है। विष्णु बिश्नोई और अतुल मातवा ने इस सफलता में अहम योगदान दिया। वे खिलाड़ियों के साथ गुरुग्राम में मौजूद रहे।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में पांच दिवसीय श्रीरामकथा का शुभारंभ

# प्रभु भाव के भूखे, राम-नाम जपने की आदत डालो

- साध्वी निष्ठानंद सरस्वती ने संगत को प्रवचनों से निहाल किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार





हिसार। मोक्ष वृद्धाश्रम में श्रीरामकथा करती साध्वी निष्ठानंद सरस्वती व श्रीरामकथा में मौजूद अतिथिगण, पदाधिकारी व बुजुर्ग। फोटो : हरिभूमि

बुजुर्गों की सेवा व संभाल में जुटे मोक्ष वृद्धाश्रम में पांच दिवसीय श्रीरामकथा का शुभारंभ हुआ। तपोभूमि परमहंस योग आश्रम के परम पूज्य ब्रह्मनिष्ठ स्वामी श्री कृष्णानंद सरस्वती जी की कृपापात्र बालयोगिनी साध्वी निष्ठानंद सरस्वती जी ने प्रभु श्रीराम को स्मरण करने का संकल्प करने का आह्वान किया।

मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर, पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, डॉ. वंदना बिश्नोई, डॉ. हिमानी कंसल व डॉ. सविता सिंगला ने दीप प्रज्ज्वलन की परम्परा का निर्वहन किया। संगिनी ग्रुप की प्रधान सुनीता सिंघल, मधु गोयल, स्वाति तायल, विभूति तायल व आशा गुप्ता, फिरोजा-ए-शहर की प्रधान डॉ. वेद पूनिया व सरोज बेनीवाल एवं श्रीराधा रस धार से सुनीता सातरोडिया, अनु गुप्ता व ऊषा बंसल सहित काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होकर आराधना करते हुए जनकल्याण की कामना की गई। संगीतमयी श्रीरामकथा के पहले दिन साध्वी निष्ठानंद सरस्वती ने बालकांड व अयोध्याकांड पर प्रकाश डालते हुए बच्चों की तरह नादान और निष्काम बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मन की मलिनता हटाकर प्रभु के प्रति समर्पित होने वाले भक्तों के समस्त कष्टों का निराकरण हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रभु तो भाव के भूखे हैं, वे तो मात्र एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाते हैं। इसलिए राम-नाम जपने की आदत डालो। चाहे थोड़ी देर ही भगवान का नाम लो लेकिन शुरुआत तो करो। श्रीरामकथा के दौरान भजनों के माध्यम से भी प्रभु की स्तुति की गई।